**शिकायत** — ग्राम पंचायत खजरवारा पर गंभीर सवाल, कलेक्टर से की जिला स्तरीय जांच की मांग

# 15वें वित्त आयोग की राशि में अनियमितता का आरोप



**शहपुरा नवभारत 17 जुलाई।** जनपद पंचायत मेहंदवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत खजरवारा में वर्ष 2025 एवं 2026 के दौरान 5वें एवं 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

ग्राम पंचायत के खिलाफ कलेक्टर डिंडौरी को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपा गया है, जिसमें शासन के नियमों के विपरीत राशि आहरण, नल-जल योजना में वित्तीय अनियमितता, पंचायत खाते से अधिक भुगतान तथा सीसी रोड निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए हैं।

### तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराने की मांग

शिकायतकर्ता ने आवेदन के साथ दस्तावेज संलग्न करने का दावा करते हुए पूरे मामले की जिला स्तरीय तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराने की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ग्राम पंचायत से जानकारी मांगी गई थी। आरोप है कि पंचायत सचिव द्वारा जानकारी उपलब्ध कराने के बजाय आवेदक पर ही राशि वसूली की कार्रवाई की गई, जिसे शासन के आदेशों की अवहेलना बताया गया है।

### राशि का नियमों के विपरीत भुगतान किया गया

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच एवं पंचों की मिलीभगत से शासन की राशि का नियमों के विपरीत भुगतान किया गया। आवेदन के अनुसार वर्ष 2026 में लगभग 9 लाख 63 हजार 160 रुपये विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर आहरित किए गए, जिसे शिकायतकर्ता ने वित्तीय नियमों के विरुद्ध बताया है।

### तीन सीसी रोड निर्माण पर भी उठे सवाल

शिकायतकर्ता ने पंचायत द्वारा निर्मित तीन सीसी रोड की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन एवं मानकों के अनुरूप नहीं कराया गया तथा कार्य पूर्ण किए बिना ही राशि आहरण कर ली। शिकायतकर्ता ने इन कार्यों का पुनः तकनीकी परीक्षण कराने की मांग की है।

**सचिव ने नहीं उठाया फोन**

इस संबंध में ग्राम पंचायत खजरवारा के सचिव से उनका पक्ष जानने के लिए मोबाइल फोन पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इसलिए उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

**नल-जल योजना में 10 लाख रुपये के भुगतान पर सवाल**

शिकायत के अनुसार 15वें वित्त आयोग की नल-जल योजना के तहत वर्ष 2025 में 4 लाख 93 हजार 890 रुपये सामग्री क्रय के नाम पर आहरित किए गए। वहीं वर्ष 2026 में 5 लाख 2 हजार 940 रुपये का भुगतान भी इसी मद में किया गया। इस प्रकार दोनों वर्षों में कुल 9 लाख 96 हजार 830 रुपये खर्च दर्शाए गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एक ही ग्राम के कार्यों में इतनी बड़ी राशि खर्च दर्शाना संदेहास्पद है और इसकी तकनीकी जांच आवश्यक है।

# उमड़ार बांध से बरामद हुआ शिवम सोनी का शव

**गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया था**



**नवभारत उमरिया 17 जुलाई।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित उमड़ार बांध में नहाने के दौरान लापता हुए युवक शिवम सोनी का शव लगभग 24 घंटे तक चले लगातार रेस्क्यू अभियान के बाद बरामद कर लिया गया। इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया।

युवक अपने तीन दोस्तों के साथ बांध में नहाने गया था, जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। घटना के बाद शुरू हुआ सर्च अभियान देर रात तक जारी रहा और अंततः एसडीआरएफ की टीम को सफलता मिली।

### कुछ ही पलों में पानी में लापता हो गया था

जानकारी के अनुसार शिवम सोनी अपने तीन दोस्तों के साथ उमड़ार बांध में नहाने पहुंचा था। चारों युवक पानी में उतरे थे, तभी शिवम अचानक गहरे हिस्से में चला गया। उसके दोस्तों ने उसे बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन वह कुछ ही पलों में पानी में लापता हो गया। घबराए साथियों ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हो गया।

**24 घंटे तक चला संयुक्त रेस्क्यू अभियान**

करीब 24 घंटे तक चले संयुक्त रेस्क्यू अभियान में उमरिया और शहडोल की एसडीआरएफ टीमों के साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन के 20 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार जुटे रहे। पानी की अधिक गहराई और सीमित दृश्यता के कारण अभियान चुनौतीपूर्ण बना रहा। आखिरकार जबलपुर से पहुंची एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव बांध से बाहर निकाल लिया।

**एक नजर में**

### स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर गहराया विवाद

**अनूपपुर नवभारत 17 जुलाई।** जिले में प्रशासनिक स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिला स्थानांतरण बोर्ड की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने स्थानांतरण प्रक्रिया में संशोधन की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन दो दिनों के भीतर आवश्यक सुधार नहीं करता, तो वे कलेक्ट्रेट के समक्ष शांतिपूर्ण धरने पर बैठेंगे। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में रामलाल रौतेल ने आरोप लगाया है कि जिला स्थानांतरण बोर्ड द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में शासन के मानवीय दृष्टिकोण और प्रचलित दिशा-निर्देशों की अनदेखी की गई है।

### रामनाथ प्रजापति का निधन



**जबलपुर।** व्हीकल फैक्ट्री से सेवानिवृत्त एवं शिवधाम नगर निवासी श्री रामनाथ प्रजापति बरौंदा वाले का शुक्रवार को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे दयाराम प्रजापति एवं धर्मेन्द्र प्रजापति के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा आज शनिवार को दोपहर 1 बजे उनके निज निवास से रानीताल मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

# 309 क्विंटल गेहूं पकड़कर वसूला 85 हजार का अर्थदंड

**सिहोरा मंडी में अवैध परिवहन पर कार्रवाई**



**सिहोरा, नवभारत।** कृषि उपज मंडी समिति सिहोरा द्वारा अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 309 क्विंटल गेहूं से भरे वाहन को पकड़कर दंडात्मक कार्रवाई की गई है। निरीक्षण के दौरान बिना वैध अनुज्ञा पत्र के परिवहन कर मंडी शुल्क से बचने का प्रयास सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 जुलाई को मंडी निरीक्षण दल द्वारा वाहन क्रमांक UP70FT-8485 की जांच की गई। जांच में पाया गया कि प्रयागराज से कर्नाटक की ओर ले जाए जा रहे गेहूं का परिवहन आवश्यक दस्तावेजों के बिना किया जा रहा था। यह गेहूं लगभग 309 क्विंटल मात्रा में था, जिसकी कीमत करीब 9 लाख 48 हजार 630 रुपये आंकी गई।

मामले में म.प्र. कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। इसके तहत मंडी शुल्क चोरी पर कार्रवाई करते हुए कुल 85 हजार 633 रुपये की राशि वसूली गई। मंडी प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अवैध परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि मंडी शुल्क की चोरी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान तेज

**अनूपपुर, नवभारत 17 जुलाई।** जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तीसरे चरण के तहत विभागीय अमला लगातार गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर पशुपालकों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक पशुपालन की जानकारी दे रहा है। अभियान का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन बढ़ाना और पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। 13 जुलाई से शुरू हुए अभियान के अंतर्गत विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी 3 से 4 गौवंश एवं भैंसवंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें नस्ल सुधार, संतुलित पशु आहार, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, नियमित टीकाकरण तथा सेक्स सॉर्टेड सीमेन के उपयोग के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

**4,202 पशुपालकों तक पहुंचने का लक्ष्य**-पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अनुसार, अभियान के तीसरे चरण में जिले के 4,202 पशुपालकों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 1,643 पशुपालकों के घर पहुंचकर उन्हें वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा चुकी है।

# पनागर में आज मनाया जाएगा आचार्य विद्यासागर महाराज का दीक्षा दिवस

**पनागर, नवभारत।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 59वां पावन दीक्षा दिवस आषाढ़ शुक्ल पंचमी शनिवार को अतिशय क्षेत्र पनागर में विराजित मुनि श्री 108 निर्दोष सागर महाराज ससंघ पंच ऋषिराजों के सानिध्य में मनाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि इसी दिन अजमेर नगर में आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज ने ब्रह्मचारी विद्याधर को मुनि दीक्षा सन 1968 में प्रदान की थी। इसी तारतम्य प्रातः 7.30 बजे से आचार्य श्री का संगीतमय पूजन इसके पश्चात गुरुगुणों की वंदना हेतु ब्राह्मी सुंदरी बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति, मुनि संघ के मंगल पादप्रक्षालन और फिर मुनि संघ के मुख से वैराग्य को बढ़ाने वाले आचार्य श्री के अद्भुत संस्मरण श्रवण करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रातः 9 बजे से आगामी अष्टांहिक महापर्व 21से 29 जुलाई के बीच आयोजित होने वाले श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के मुख्य पात्रों का चयन बोलियों के माध्यम से किया जाएगा। श्री दिगंबर प्रबंधकारिणी सभा पनागर ने सभी सामाजिकजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# लापरवाही पर कोटवार निलंबित

**नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिया**

**डिंडौरी, नवभारत 17 जुलाई।** तहसीलदार बजाग ने शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने के मामले में ग्राम सुनियामार, राजस्व निरीक्षक मंडल गाड़ासरई के कोटवार मुकेश कुमार आर्मो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, 11 जुलाई 2026 को कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के भ्रमण के दौरान संबंधित कोटवार द्वारा शासकीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया। इस संबंध में उसी दिन कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु संतोषजनक जवाब नहीं पाया गया।

### अनुशासनहीनता का लगाया गया आरोप

तहसीलदार ने जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मचारी का आचरण शासकीय कार्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का परिचायक है। इसे मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 2020 के प्रावधानों के अंतर्गत गंभीर कदाचार की श्रेणी में मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही की गई है।

### 26 जुलाई से छात्र लिखेंगे बाघों के नाम पत्र

**मंडला।** प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत विवेक ज्योति विद्यालय में एक विशेष पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के सहायक संचालक आशीष पांडे ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने एक अभिनव पहल की जानकारी देते हुए बताया कि ग्लोबल टाइगर डे के उपलक्ष्य में 26 जुलाई से एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा, जिसमें सभी छात्र अपनी अंतरात्मा से बाघों के नाम पत्र लिखेंगे।

# पत्रकारों के हितों पर विस्तार से की गई चर्चा



**मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला सम्मेलन आयोजित**

**चिल्हारी नवभारत 17 जुलाई।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला सम्मेलन विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ की पावन धरा टाइगर हेवन में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां वीणा वादिनी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया रहे। सम्मेलन में जिले भर से आए पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के हितों, संगठन की मजबूती, पत्रकार सुरक्षा, निष्पक्ष पत्रकारिता तथा सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### निष्पक्ष पत्रकारिता करें : अग्रवाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सशक्त चौथे स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा देने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी पत्रकारों से निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनसेवा की भावना के साथ पत्रकारिता करने का आह्वान किया।

**जनहित को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : भदौरिया**

मुख्य अतिथि शलभ भदौरिया ने पत्रकारों से सत्य, निष्पक्षता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पत्रकारिता करने का आह्वान किया। सम्मेलन ने जिले के पत्रकारों को एक साझा मंच प्रदान किया, जहां उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# ऐसे बढ़ेगी बेटी तो कैसे पढ़ेगी बेटी

**दम तोड़ रहीं बाल कल्याण योजनाएं**



**अमरपुर नवभारत 17 जुलाई।** शासन प्रशासन द्वारा बाल कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाएं बस स्टैंड अमरपुर में दम तोड़ती हुई नजर आयी। जहां पर एक छोटी बच्ची ने रस्सी पर चलकर लोगों को हैरत अंगेज करतब दिखा रही थी।

जिस उम्र में बच्चों के हाथ में काफी और किताब होनी चाहिए उस उम्र में यह बच्ची अपने परिवार की मदद के लिए अपने जान जोखिम में डाल रही हैं। बच्ची ने दो बांसों के बीच बंधी रस्सी पर लगभग एक घंटे तक करतब दिखाई। वह कभी लकड़ी के सहारे तो कभी साइकिल की रिंग और थाली का संतुलन बनाकर रस्सी पर चलती रही।

### लोग बच्ची के करतब पर तालियां बजाते रहे

इस दौरान वहां से अनेक जबावदार जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिकारी भी गुजरते रहे। इसके बावजूद किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। वहीं मौके पर मौजूद लोग भी इस बच्ची के करतब पर खूब तालियां बजाते हुए नजर आए। इस दृश्य ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि गरीबी के कारण कई बच्चे कैसे अपनी पढ़ाई छोड़ काम करने को मजबूर हैं।

# नशे से दूर रहने के लिए लोगों को किया प्रेरित

**नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**




**डिंडौरी, नवभारत 17 जुलाई।** कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन में जिले में संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत पुरानी डिंडोरी स्थित मंडला बस स्टैंड, मेकलसुता कॉलेज, सीएम राइज विद्यालय धनुवासागर, शासकीय विद्यालय छांटा तथा समनापुर के हाट-बाजार में जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिवनिल नशा मुक्ति एवं मनोचिकित्सा केंद्र तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

**नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत**-अभियान के दौरान जन-जागरूकता रैली निकालकर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। मंडला बस स्टैंड परिसर में बसों, ट्रकों, कारों एवं मोटरसाइकिलों सहित विभिन्न वाहनों पर नशा मुक्ति संबंधी संदेशों वाले स्टीकर लगाए गए तथा पंपलेट वितरित कर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर बैनर एवं पोस्टर लगाकर व्यापक स्तर पर नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित किया गया।

# चिल्हारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने उपमुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

**सांसद हिमाद्री सिंह की सराहनीय पहल**

**चिल्हारी नवभारत।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय एवं जनप्रिय सांसद हिमाद्री सिंह ने शहडोल प्रवास पर आए प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला को 16/7/2026 दिन गुरुवार को पत्र सौंपकर ग्राम चिल्हारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग की। यह मांग चिल्हारी सहित आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता है। सांसद द्वारा इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेंद्रशुक्ला जी के समक्ष प्रमुखता से उठाए जाने पर क्षेत्रवासियों में खुशी और उम्मीद का माहौल है।

**सुलभ स्वास्थ्य सुविधाओं का मिलेगा लाभ**-सांसद हिमाद्री सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों और जनसेवा के प्रति समर्पण से चिल्हारी को शीघ्र ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिलने की पूरी आशा है। इससे क्षेत्र की जनता को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



# स्कूली विद्यार्थियों को दी नशे से दूर रहने की सलाह

**पीएम श्री स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित**

**नवभारत, बेलखाडू।** 15 जुलाई से 30 जुलाई तक 'नशे से दूरी है जरूरी 'अभियान 2.0 अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय पीएम श्री स्कूल बेलखाडू में बच्चों को नशे से दूरे बनाए रखने की समझाईश के साथ नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई एवं बच्चों को परिवार में नशे से संबंधित जानकारी देने के लिए कहा गया। इस मौके पर समाज में फैले विभिन्न प्रकार के नशे को समझाते हुए स्कूली बच्चों को नशे से दूर रहने शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शासकीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलखाडू के प्राचार्य बीआर परस्ते, पुलिस चौकी बेलखाडू प्रभारी एसआई अमित मिश्रा सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

**कार्यक्रम** — नशा मुक्ति अभियान 2.0' के तहत चलाया गया जन जागरूकता अभियान

# थाना प्रभारी ने कस्बावासियों को बताए नशे के दुष्परिणाम




**मझौली, नवभारत।** नशा मुक्त समाज के निर्माण और युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'नशा मुक्ति अभियान 2.0' के तहत आज थाना मझौली पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मझौली कस्बा के मुख्य स्थानों पर आमजन, युवाओं और दुकानदारों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

### युवाओं को दी नशे से दूर रहने की समझाइश

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने उपस्थित नागरिकों और विशेषकर युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और अपने सुनहरे भविष्य के निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाएं।

### अपराधों की मुख्य जड़ है नशा

थाना प्रभारी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि अधिकांश सामाजिक अपराधों और सड़क दुर्घटनाओं की जड़ नशा ही है। यदि समाज को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाना है, तो हम सभी को मिलकर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है। यदि आपके आस-पास कोई व्यक्ति अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री या तस्करी में लिप्त पाया जाता है, तो तुरंत इसकी सूचना मझौली पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा।

### कस्बावासियों ने लिया नशा नहीं करने का संकल्प

इस जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस स्टाफ ने बैनर और पोस्टरों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कस्बावासियों ने न तो खुद नशा करने और न ही दूसरों को करने देने का सामूहिक संकल्प लिया। पुलिस की इस मुहिम की स्थानीय नागरिकों ने काफी सराहना की है। इस अवसर पर थाना मझौली का समस्त पुलिस बल और बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक व युवा उपस्थित रहे।